भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2960**
12 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

## उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना

**2960. श्री आनंद भदौरिया:**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** सरकार द्वारा देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना और संवर्धन के लिए चलाई जा रही योजनाओं का योजना-वार ब्यौरा क्या है;

**(ख)** वर्ष 2023-24 और वर्ष 2024-25 के दौरान इसके लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का योजना-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

**(ग)** विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में विशेषकर सीतापुर और लखीमपुर खीरी जिलों में स्थापित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की संख्या का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) अपनी केंद्रीय क्षेत्र प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) योजना, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और केंद्रीय प्रायोजित प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से देश भर में संबंधित अवसंरचना की स्थापना/विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है। ये योजनाएं क्षेत्र या राज्य विशेष नहीं हैं, बल्कि मांग आधारित हैं। पीएमकेएसवाई की उप-योजनाओं के अंतर्गत, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय 15वें वित्त आयोग चक्र के लिए 5520 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ उद्यमियों को ज्यादातर क्रेडिट लिंक्ड वित्तीय सहायता (पूंजी सब्सिडी) प्रदान करता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय पीएमएफएमई योजना के तहत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता भी प्रदान करता है। यह योजना वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक 10,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ प्रचालन में है। पीएलआईएसएफपीआई का उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ वैश्विक खाद्य विनिर्माण चैंपियनों के सृजन में सहायता करना तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में खाद्य उत्पादों के भारतीय ब्रांडों का समर्थन करना है। यह योजना 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वर्ष 2021-22 से 2026-27 की अवधि के लिए प्रचालन में है।

**(ख):** वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान इन योजनाओं के तहत वर्ष-वार कुल आवंटन और उपयोग की गई निधि **अनुबंध-I** में दी गई है ।

**(ग):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय स्वयं कोई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित नहीं करता है। तथापि, यह अपनी योजना के माध्यम से ऐसे उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करता है । खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की योजनाओं के तहत वर्ष 2021-22 से उत्तर प्रदेश राज्य में अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध -II** में दिया गया है ।

*****

**अनुबंध - I**

**दिनांक 12 दिसंबर,2024 को उत्तर हेतु "उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2960 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की योजनाओं के अंतर्गत आवंटित निधि और उपयोग की गई निधि का विवरण**

(करोड़ रुपए में)

| योजना | 2023-24 | | 2024-25 (दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार) | |
|---|---|---|---|---|
| | आरई | एई | आरई | एई |
| पीएमकेएसवाई | 745.00 | 666.21 | 729.00 | 260.13 |
| पीएमएफएमई | 800.00 | 778.84 | 879.50 | 653.69 |
| पीएलआईएस | 1150.00 | 590.50 | 1444.02 | 11.72 |

आरई- संशोधित अनुमान, एई- वास्तविक व्यय, बीई- बजट अनुमान

**अनुबंध - II**

**दिनांक 12 दिसंबर,2024 को उत्तर हेतु "उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2960 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**क. वर्ष 2021-22 से पीएमकेएसवाई की घटक योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में अनुमोदित परियोजनाओं की सूची**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | ज़िला | अनुमोदन की तिथि | परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | अनुमोदित अनुदान सहायता (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| **घटक योजना - एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन अवसंरचना योजना** | | | | | |
| **1** | श्री लक्ष्मी फ्रोजन फूड्स | फर्रुखाबाद | 25.05.2022 | 14.93 | 5.61 |
| **2** | बृजवासी केशव मिल्क प्रोडक्ट | मथुरा | 08.12.2022 | 47.43 | 8.43 |
| **3** | डेयरी क्राफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | बरेली | 08.12.2022 | 71.35 | 8.24 |
| **4** | सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | गोरखपुर | 08.12.2022 | 50.5 | 9.05 |
| **5** | एमआई फूड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड | उन्नाव | 23.03.2023 | 24.74 | 6.26 |
| **6** | बसेरा डेयरी प्रोजेक्ट्स | अलीगढ़ | 28.06.2023 | 37.66 | 10 |
| **7** | क्यू लाइन हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड | लखनऊ | 28.06.2023 | 36 | 10 |
| **घटक योजना - खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार योजना** | | | | | |
| **8** | मेसर्स गोविंदग्रीन फूड्स इंफ्राटेक | कानपुर देहात | 19.05.2022 | 8.1553 | 2.13 |
| **9** | मेसर्स महान मिल्क फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | हाथरस | 05.01.2023 | 50 | 5.00 |
| **10** | मेसर्स ओम कोल्ड स्टोरेज | कानपुर देहात | 19.05.2022 | 6.6435 | 2.06 |
| **11** | मेसर्स रूरा कोल्ड स्टोरेज एंड आइस फैक्ट्री प्राइवेट लिमिटेड | कानपुर देहात | 19.05.2022 | 13.36 | 4.55 |
| **12** | मेसर्स वाडीलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड | बरेली | 05.01.2023 | 31.06 | 5.00 |
| **13** | मेसर्स अल्फा मिल्क फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | हाथरस | 05.01.2023 | 22.0406 | 5.00 |
| **14** | मेसर्स हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड | गौतम बुद्ध नगर | 05.01.2023 | 219.5267 | 5.00 |
| **15** | मेसर्स माँ अन्नपूर्णा एग्रो रिफाइनरी | मिर्जापुर | 24.01.2023 | 20.6 | 5.00 |
| **16** | मेसर्स हनुमान राइस एंड जनरल मिल | पीलीभीत | 24.01.2023 | 19.3429 | 5.00 |
| **17** | मेसर्स शिवम नेचुरल्स ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड | हापुड़ | 24.01.2023 | 21.89 | 5.00 |
| **18** | मेसर्स महेश नमकीन प्राइवेट लिमिटेड | लखनऊ | 08.07.2023 | 11.3464 | 3.20 |
| **19** | टीआरएस गोल्ड एग्रो प्राइवेट लिमिटेड | चंदौली | 22.11.2023 | 7.7053 | 3.05 |
| **20** | मेसर्स माँ वैष्णो राइस मिल | मिर्जापुर | 22.11.2023 | 18.8545 | 5.00 |
| **21** | मेसर्स श्रीकेशरी फूड एग्रो | भदोही | 29.02.2024 | 13.5947 | 5.00 |
| **22** | मेसर्स सीआरडी फूड्स (389) | मथुरा | 29.02.2024 | 12.3121 | 5.00 |
| **23** | मेसर्स सीआरडी फूड्स (406) | मथुरा | 29.02.2024 | 12.305 | 5.00 |
| **24** | श्री राधे एग्रो फूड्स | अलीगढ़ | 09.11.2022 | 45.39 | 9.45 |
| **25** | दोआब एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | बलिया | 09.11.2022 | 46.52 | 7.1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **26** | ग्रोवर फूड्स लिमिटेड | बरेली | 09.11.2022 | 40.86 | 10 |
| **27** | आरसी एग्रो फूड्स | शाहजहांपुर | 09.11.2022 | 38.73 | 9.36 |
| **28** | जेसीएल एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | मेरठ | 09.11.2022 | 47.99 | 15 |
| **घटक योजना - खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना** | | | | | |
| **29** | फूडटेक कंसल्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | आगरा | 13.02.2024 | 13.0481 | 5.507 |

**ख. वर्ष 2021-22 से (दिनांक 31 अक्टूबर, 2024 तक) पीएमएफएमई योजना के तहत उत्तर प्रदेश के जिलों में क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के तहत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के लिए स्वीकृत ऋणों की संख्या :**

| क्रम सं. | जिला | 2021-2022 | 2022-2023 | 2023-2024 | 2024-2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 2 | 8 | 21 | 9 |
| 2 | अलीगढ़ | 1 | 13 | 98 | 7 |
| 3 | अंबेडकर नगर | 1 | 37 | 144 | 89 |
| 4 | अमेठी | 8 | 68 | 187 | 108 |
| 5 | अमरोहा | 2 | 4 | 79 | ३१ |
| 6 | औरैया | 0 | 34 | 78 | 36 |
| 7 | अयोध्या | 11 | 90 | 161 | 50 |
| 8 | आजमगढ़ | 4 | 17 | 102 | 85 |
| 9 | बागपत | 0 | 4 | 24 | 10 |
| 10 | बहराइच | 4 | 24 | 93 | 27 |
| 11 | बलिया | 6 | 70 | 173 | 88 |
| 12 | बलरामपुर | 4 | 28 | 43 | 27 |
| 13 | बाँदा | 3 | 19 | 72 | 33 |
| 14 | बाराबंकी | 2 | 12 | 108 | 107 |
| 15 | बरेली | 1 | 43 | 152 | 92 |
| 16 | बस्ती | 0 | 26 | 119 | 100 |
| 17 | भदोही | 1 | 62 | 151 | 94 |
| 18 | बिजनौर | 2 | 13 | 119 | 62 |
| 19 | शाहजहांपुर | 0 | 5 | 16 | 12 |
| 20 | बुलंदशहर | 0 | 19 | 25 | 17 |
| 21 | चंदौली | 3 | 80 | 82 | 45 |
| 22 | चित्रकूट | 2 | 18 | 47 | 16 |
| 23 | देवरिया | 1 | 12 | 39 | 28 |
| 24 | एटा | 0 | 6 | 32 | 10 |
| 25 | इटावा | 0 | 22 | 46 | 23 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 1 | 8 | 23 | 11 |
| 27 | फतेहपुर | 1 | 67 | 240 | 94 |
| 28 | फिरोजाबाद | 0 | 11 | 17 | 16 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 0 | 9 | 10 | 15 |
| 30 | गाजियाबाद | 6 | 23 | 29 | १३ |
| 31 | गाजीपुर | 1 | 57 | 224 | 93 |
| 32 | गोंडा | 6 | 38 | 184 | 40 |
| 33 | गोरखपुर | 19 | 57 | 81 | 96 |
| 34 | हमीरपुर | 0 | 10 | 41 | 11 |
| 35 | हापुड़ | 1 | 8 | 7 | 14 |
| 36 | हरदोई | 5 | 39 | 99 | 91 |
| 37 | हाथरस | 0 | 3 | 28 | 9 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 38 | जालौन | 1 | 7 | 42 | 30 |
| 39 | जौनपुर | 0 | 33 | 186 | 34 |
| 40 | झांसी | 5 | 9 | 84 | 42 |
| 41 | कन्नौज | 0 | 28 | 33 | 19 |
| 42 | कानपुर देहात | 2 | 43 | 109 | 40 |
| 43 | कानपुर नगर | 3 | 44 | 179 | 123 |
| 44 | कासगंज | 0 | 5 | 55 | 6 |
| 45 | कौशाम्बी | 0 | 20 | 113 | 40 |
| 46 | खेरी | 1 | 24 | 129 | 61 |
| 47 | कुशीनगर | 1 | 33 | 114 | 35 |
| 48 | ललितपुर | 1 | 7 | ३१ | 53 |
| 49 | लखनऊ | 9 | 47 | 58 | 29 |
| 50 | महाराजगंज | 1 | 12 | 89 | 25 |
| 51 | महोबा | 2 | ३१ | 65 | 12 |
| 52 | मैनपुरी | 0 | 30 | 41 | 25 |
| 53 | मथुरा | 0 | 11 | 56 | 16 |
| 54 | मऊ | 0 | 24 | 76 | 46 |
| 55 | मेरठ | 5 | 8 | 25 | 10 |
| 56 | मिर्जापुर | 11 | 196 | 88 | 109 |
| 57 | मुरादाबाद | 3 | 27 | 67 | 22 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 0 | 8 | 16 | 4 |
| 59 | पीलीभीत | 0 | १३ | 64 | 43 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 3 | 40 | 124 | 68 |
| 61 | प्रयागराज | 2 | 42 | 334 | 129 |
| 62 | रायबरेली | 5 | 28 | 141 | 101 |
| 63 | रामपुर | 0 | 11 | 30 | 9 |
| 64 | सहारनपुर | 1 | 12 | 16 | 10 |
| 65 | संभल | 1 | 15 | 57 | ३१ |
| 66 | संत कबीर नगर | 0 | 23 | 126 | 93 |
| 67 | शाहजहांपुर | 2 | 14 | 92 | 56 |
| 68 | शामली | 0 | 5 | 17 | 12 |
| 69 | श्रावस्ती | 1 | 7 | ३१ | 5 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 0 | 56 | 172 | 123 |
| 71 | सीतापुर | 0 | 6 | 66 | 43 |
| 72 | सोनभद्र | 0 | 63 | 50 | 141 |
| 73 | सुल्तानपुर | 25 | 93 | 266 | 125 |
| 74 | उन्नाव | 0 | 12 | 81 | 110 |
| 75 | वाराणसी | 2 | 153 | 159 | 60 |

**ग. पीएलआईएसएफपीआई योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में प्रतिबद्ध निवेश वाली परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | प्लांट सिटी | अनुमोदन की तिथि | लक्षित खंड |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेहरोत्रा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड | गौतम बुद्ध नगर | 04.01.2022 | श्रेणी 2-जैविक |
| 2. | ऑर्गेनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | बाराबंकी | 04.01.2022 | श्रेणी 2-जैविक |
| 3. | मिसेज बेक्टर्स फ़ूड स्पेशलिटीज़ लिमिटेड | गौतम बुद्ध नगर | 08.10.2022 | मिलेट एलईं |

*****